2. (1995)1 SCC 295 :- यह नजीर कृषि भूमि से अकृषि भूमि मे उपयोग के लिए सम्परिवर्तन की आवश्यकता है–से सम्बन्धित है।
3. (2009)1 RRT 255 :- यह नजीर समस्त राजस्व रेकार्ड में कृषि भूमि दर्ज होने के बावजूद कभी भी काश्त नहीं होने से आबादी में परिवर्तन नही हो सकती–से सम्बन्धित है।
4. AIR (SC) 2012 193 :- यह नजीर कृषि भूमि शहरी क्षेत्र के पास स्थित होने पर भी उसी अनुरूप(कृषि भूमि) मानी जावेगी–से सम्बन्धित है।
5. 2008(1) RRT 495 :- प्रस्तुत नजीर भविष्य के उपयोग(भविष्य में वाणिज्यिक उपयोग) को मानकर बाजार दर निर्धारित नहीं की जा सकती है–से सम्बन्धित है।
6. संभागीय आयुक्त अजमेर का निर्णय जगदीश प्रसाद गौरा बनाम उपखण्ड अधिकारी निर्णय 11.06.2014 :– यह प्रस्तुत नजीर राजस्व रेकार्ड में दर्ज भूमि की किस्म तथा सोलेशियम राशि से सम्बन्धित है।
7. संभागीय आयुक्त अजमेर का निर्णय मनोहर मोटवानी बनाम उपखण्ड अधिकारी निर्णय 26.05.2015 :– प्रस्तुत नजीर भूमि–भवनों एवं संरचनाओं के मूल्यांकन बाबत् मुआवजा डी0एल0सी0 दर से दिये जाने बाबत् रेकार्ड में दर्ज किस्मानुसार मुआवजा तय कर भुगतान किये जाने बाबत्–से सम्बन्धित है।

प्रार्थी के विद्वान अधिवक्ता द्वारा बहस में कथन किया गया कि माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय, जयपुर ने डी.बी.सी.एस.ए(डब्लयू) न0 817/2018 में पारित निर्णय/आदेश दिनांक 25.09.2018 में रूपये 4,00,000/– पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन बाबत् देने का निर्णय किया है जबकि अप्रार्थी के विद्वान अधिवक्ता का कथन है कि उक्त निर्णय को माननीय सर्वोच्च न्यायालय में दायर Petition(s) for Special leave to Appeal(C) No(s). 31824/2018 में चुनौती उपरांत पारित निर्णय दिनांक 14.12.2018 के अनुसार आर्बीट्रेटर को इस बाबत् निर्णय करना है।

इस संदर्भ में स्थिति यह है कि माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय के निर्णय/आदेश दिनांक 25.09.2018 पर माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित निर्णय दिनांक 14.12.2018 के अनुसार परिवादी के प्रकरण में पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन बाबत् प्रकरण एडमीसिबल(Admissible) है अथवा नही इस बाबत् आर्बीट्रेटर स्तर पर निर्णय किया जाना है।

परिवादी के विद्वान अधिवक्ता द्वारा उपरोक्त क्रम में दौराने बहस तर्क किया गया कि परिवादी के प्रकरण में पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन बाबत् प्रकरण विचारणीय है जबकि अप्रार्थी के विद्वान अधिवक्ता का तर्क है कि परिवादी के प्रकरण में पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन बाबत् प्रकरण एडमीसिबल(Admissible) नहीं है। इस कारण इस बाबत् कोई राशि देय नहीं है।

उक्त परिपेक्ष्य में प्रकरण का विवेचन एवं विश्लेषण विधि अनुसार किये जाने पर निम्न स्थिति स्पष्ट होती है –

